गुरु नानक कॉलेज, धनबाद

वार्षिक पत्रिका "बैसाखी 2025" का विमोचन

दिनांक 20-04-25 को गुरु नानक कॉलेज धनबाद के मेन कैंपस के एस जे एस ग्रेवाल ऑडिटोरियम में प्राचार्य डॉ संजय प्रसाद की प्रेरणा से "बैसाखी दा मेला" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में हर साल की तरह "BAISAKHI 2025" वार्षिक पत्रिका का विमोचन किया गया। अपने स्वागत भाषण में प्राचार्य डॉ संजय प्रसाद ने इस बात पर ज़ोर दिया कि कॉलेज की वार्षिक पत्रिका में ना सिर्फ शिक्षक बल्कि छात्र-छात्राएं, पूर्ववर्ती छात्र, शासी निकाय के सदस्य भी अपने विचार व्यक्त करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि कालेज के साल भर के क्रियाकलापों को इस पत्रिका में अंकित किया जाता है। कॉलेज शासी निकाय के अध्यक्ष सरदार आर एस चाहल ने अपने वक्तव्य में कहा कि इस पत्रिका के माध्यम से हम कॉलेज के विजन और मिशन को दर्शाते हैं। कॉलेज शासी निकाय के सचिव सरदार दिलजान सिंह ग्रेवाल ने कहा कि वार्षिक पत्रिका कॉलेज की बेस्ट प्रैक्टिस में शुमार है। कार्यक्रम में मंच का संचालन डॉ मीना मालखंडी द्वारा किया गया और औपचारिक धन्यवाद ज्ञापन कॉलेज शासी निकाय के सचिव सरदार डी एस ग्रेवाल ने किया। मौके पर कॉलेज शासी निकाय के सदस्य, बड़ा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य, सिख समुदाय के लोग, शक्ति मंदिर समिति के सदस्य गण, कॉलेज के पूर्ववर्ती छात्र, एनएसएस वॉलिंटियर्स, एनसीसी कैडेट्स, कॉलेज के शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी और कॉलेज के छात्र मौजूद थे।

U NANAK COLLEGE, DHANBAD
Sikh Minority Degree College | Affiliated to BBMK University, Dhanbad)
NAAC Accredited 'B' Grade
Presents
GLOBUS
(A CULTURAL EVENING)

GURU
K COLLEGE, DHANBAD
ee College | Affiliated to BBMK University, Dhanbad)
NAAC Accredited 'B' Grade
Presents

RU NAN
DHANBAD
fela

GURU NANA
EGE, DHANBAD
Mela

GURU NANAK COLLEGE, DHANBAD

Note : Guru Nanak College, Mela Vasakhi da 2025
Address : Bhuda Colony, Dhanbad, Jharkhand, India
Latitude : 23.7829572°
Longitude : 86.4487926°
Altitude : 238.0 meter
Date : 04/20/2025 04:17 PM
Accuracy : 56.1 meter
Time zone : GMT+05:30

GURU NANAK COLLEGE, DHANBAD
Note : Guru Nanak College, Mela Vasakhi da 2025
Address : Bhuda Colony, Dhanbad, Jharkhand, India
Latitude : 23.784154°
Longitude : 86.4486183°
Altitude : 232.0 meter
Date : 04/20/2025 04:40 PM
Accuracy : 1700.0 meter
Time zone : GMT+05:30

NEWS CLIPING

जीएन कॉलेज में सांस्कृतिक संध्या मेला बैसाखी दा का हुआ आयोजन

पंजाब की परंपराओं व संस्कृति की दी प्रस्तुति

धनबाद । गुरु नानक कॉलेज, धनबाद में बैसाखी पर्व मनाया गया। इस दौरान एक सांस्कृतिक संध्या मेला बैसाखी दा में कॉलेज के सांस्कृतिक विभाग के सदस्यों एवं विद्यार्थियों ने गीतों और नृत्यों के माध्यम से पंजाब की विविध परंपराओं और संस्कृति को जीवंत कर दिया। कार्यक्रम में कुल 14 लोकगीतों और नृत्य की प्रस्तुतियां हुईं। शुरुआत प्राचार्य डॉ. संजय प्रसाद के स्वागत भाषण से हुई। कॉलेज के अध्यक्ष सरदार आरएस

चहल ने ऐसे कार्यक्रमों की प्रासंगिकता पर विचार साझा किए। कॉलेज की वार्षिक पत्रिका का चौथा संस्करण बैसाखी-2025 का विमोचन किया गया। राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ मीना मालखंडी और निष्ठा सूद ने किया। शासी निकाय के सचिव सरदार डीएस ग्रेवाल ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

DAINIK BHASKAR

DATED :- 21-04-25

'मेला बैसाखी दा' में सांस्कृतिक कार्यक्रम की धूम

गुरुनानक कॉलेज

- राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राएं सम्मानित

मुख्य संवाददाता, धनबाद

गुरुनानक कॉलेज भूदा कैंपस में सांस्कृतिक संध्या 'मेला बैसाखी दा' का आयोजन किया गया. इसमें कॉलेज के सांस्कृतिक विभाग के सदस्यों एवं विद्यार्थियों ने नृत्य व गीत के माध्यम से पंजाब की विविध परंपराओं और संस्कृति को जीवंत कर दिया. इसकी शुरुआत प्राचार्य डॉ संजय प्रसाद के स्वागत भाषण से हुई. अध्यक्ष सरदार आरएस चहल ने ऐसी समृद्ध संस्कृति का जश्न मनाने और उससे जुड़ने के लिए ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन की प्रासंगिकता पर अपने विचार रखे. कार्यक्रम में वार्षिक पत्रिका का चौथा संस्करण 'बैसाखी-2025' का विमोचन किया गया. वहीं कॉलेज के उन छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से कॉलेज का नाम रोशन किया. कार्यक्रम के प्रथम सत्र का संचालन डॉ मीना मालखंडी ने किया. कल्चरल सत्र का संचालन निष्ठा सूद ने किया. गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सह कॉलेज शासी निकाय के सचिव सरदार डीएस ग्रेवाल ने धन्यवाद ज्ञापन किया. कार्यक्रम में सरदार मंजीत सिंह सलूजा, सरदार तेजपाल सिंह, सरदार मंजीत सिंह, सरदार गुरचरण सिंह मांजा, सरदार राजेंदर सिंह एवं सरदार सत्येंद्र सिंह मेहता, कॉलेज शासी निकाय के सदस्य (अकादमिक) एवं कॉलेज के पूर्व प्राचार्य प्रो पी शेखर, गुरुगोबिंद सिंह स्टडी सर्किल धनबाद के सदस्य, बीबीएमकेयू के भूतपूर्व छात्र कल्याण संकाय अध्यक्ष, डॉ देबजानी बिश्वास एवं डॉ एसके सिन्हा, डॉ शर्मीला बनर्जी सहित कॉलेज के सभी शिक्षक व शिक्षकेतर कर्मी आदि मौजूद थे.

PRABHAT KHABAR

DATED :- 21-04-25

हिन्दुस्तान www.livehindustan.com — अपना धनबाद

जीएन कॉलेज के वैशाखी उत्सव में दिखी पंजाब की संस्कृति

धनबाद, प्रमुख संवाददाता । वैशाखी पर्व के अवसर पर रविवार की शाम गुरुनानक कॉलेज के भूदा कैंपस स्थित एसजेएस ग्रेवाल ऑडिटोरियम में सांस्कृतिक संध्या मेला वैशाखी दा का आयोजन किया गया। इस रंगारंग कार्यक्रम में कॉलेज के सांस्कृतिक विभाग के विद्यार्थियों ने गीत-नृत्यों से पंजाब की विविध परंपराओं और संस्कृति को जीवंत कर दिया। कार्यक्रम में कुल 14 लोकगीतों और नृत्य की प्रस्तुतियां हुईं।

गुरुनानक कॉलेज में रविवार को वैशाखी उत्सव में भांगड़ा करते छात्र।

गुरुनानक कॉलेज में रविवार को आयोजित वैशाखी उत्सव में गिद्दा करतीं छात्राएं।

कार्यक्रम की शुरुआत गुरुनानक कॉलेज के प्राचार्य डॉ संजय प्रसाद के स्वागत भाषण से हुई। कॉलेज के अध्यक्ष सरदार आरएस चहल ने अपनी समृद्ध संस्कृति का जश्न मनाने और उससे जुड़ने के लिए ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन की प्रासंगिकता पर अपने विचार साझा किए। मौके पर कॉलेज की वार्षिक पत्रिका के चौथे संस्करण वैशाखी का विमोचन किया गया।

इस दौरान उन छात्र-छात्राओं को विशेष सम्मान से नवाजा गया, जिन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से द्वारा कॉलेज का नाम रोशन किया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र का संचालन डॉ मीना मालखंडी और कल्चरल सत्र का संचालन निष्ठा सूद ने किया। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी, बड़ा गुरुद्वारा, धनबाद के अध्यक्ष सह कॉलेज शासी निकाय के सचिव सरदार डीएस ग्रेवाल ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस दौरान गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से सरदार मंजीत सिंह सलूजा, सरदार तेजपाल सिंह, सरदार मंजीत सिंह, सरदार गुरचरण सिंह मांजा, सरदार राजेंदर सिंह एवं सरदार सतेंदर सिंह मेहता उपस्थित थे। मौके पूर्व प्राचार्य डॉ पी शेखर, डॉ देबजानी विश्वास, डॉ एसके सिन्हा, डॉ शर्मिला बनर्जी उपस्थित थीं।

HINDUSTAN

DATED :- 21-04-25

मेला बैसाखी दा में दिखी पंजाब की सभ्यता और संस्कृति

- बैसाखी के गीतों पर झूमा कालेज, जमकर थिरके पैर
- गुरुनानक कालेज में सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

जासं, धनबाद : बैसाखी के गीतों पर नाचती युवतियां, भांगड़ा करते युवक और ढोल नगाड़ों की धुन। यह नजारा था रविवार को शहर के गुरुनानक कालेज में आयोजित कार्यक्रम मेला बैसाखी दा का।

पंजाब की सभ्यता और संस्कृति की झलक दिखलाते हुए बैसाखी के महत्ता को इस कार्यक्रम के माध्यम से जीवंत कर दिया गया। इस दौरान कालेज के छात्र-छात्राओं ने कुल 14 लोकगीतों और नृत्य की अपनी प्रस्तुतियां दीं। इस मौके पर कालेज शासी निकाय के अध्यक्ष सरदार आरएस चहल, सचिव सरदार डीएस ग्रेवाल, प्राचार्य डा. संजय प्रसाद, पूर्व प्राचार्य पी शेखर समेत कई विशिष्ट लोग इस कार्यक्रम के गवाह बने। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सरदार चहल ने कहा कि यह उत्सव पंजाब की सभ्यता और संस्कृति को समझने का पर्व है। इस जश्न की प्रासंगिकता भी है, ताकि आज के युवा देश के विविध रंगों को जानें और समझें। इस दौरान कालेज की वार्षिक पत्रिका के चौथे संस्करण बैसाखी 2025 का विमोचन भी किया गया। राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करनेवाले छात्र छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया। यह कार्यक्रम दो सत्र में आयोजित किया गया। संचालन डा. मीना मालखंडी और दूसरे सत्र का संचालन निष्ठा सूद ने किया। काफी संख्या में छात्र छात्राएं व उनके अभिभावक व शहर के गणमान्य लोग उपस्थित हुए।

DAINIK JAGRAN

DATED :- 21-04-25

गुरु नानक कॉलेज में धूमधाम से मनाया गया बैशाखी पर्व

धनबाद (कासं) : रविवार की शाम गुरु नानक कॉलेज में धूमधाम से बैशाखी पर्व मनाया गया। इस मौके पर कॉलेज कैंपस भूदा के एसजेएस ग्रेवाल ऑडिटोरियम में एक सांस्कृतिक संध्या मेला बैशाखी दा का आयोजन किया गया।

इस रंगारंग और ऊर्जावान कार्यक्रम के अंतर्गत कॉलेज के सांस्कृतिक विभाग के सदस्यों एवं विद्यार्थियों ने गीतों और नृत्यों का प्रदर्शनकर दर्शकों का मन मोह लिया। नृत्यों के माध्यम से पंजाब की गतिविधियों, परंपराओं और संस्कृति को जीवंत कर दिया। कार्यक्रम में कुल १४ लोकगीतों और नृत्य की प्रस्तुतियाँ की गई। कार्यक्रम की शुरुआत गुरुनानक कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संजय प्रसाद के स्वागत भाषण से हुई। कॉलेज के अध्यक्ष सरदार आर.एस. चाहल ने ऐसी समृद्ध संस्कृति का जश्न मनाने और उससे जुड़ने के लिए ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन की प्रासंगिकता के बारे में अपने विचार साझा किए। उक्त अवसर पर गुरु नानक कॉलेज की प्रतिष्ठित वार्षिक पत्रिका का चौथा संस्करण बैशाखी२०२५ का विमोचन किया गया। गुरु नानक कॉलेज के उन छात्र-छात्राओं को विशेष सम्मान से नवाजा गया जिन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन द्वारा कॉलेज का नाम रोशन किया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र का संचालन डॉ मीना मालखंडी ने किया। कल्चरल सत्र का संचालन मिसेज निष्ठा सूद ने किया। गुरुद्वारा प्रबंधक कमिटी, बड़ा गुरुद्वारा के अध्यक्ष सह कॉलेज शासी निकाय के सचिव सरदार डी.एस. ग्रेवाल ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कॉलेज के छात्रों और उनके प्रशिक्षकों को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए सराहना की।

कार्यक्रम के दौरान गुरुद्वारा प्रबंधक कमिटी, बड़ा गुरुद्वारा, की ओर से सरदार मंजीत सिंह सलूजा, सरदार तेजपाल सिंह, सरदार मंजीत सिंह, सरदार गुरचरण सिंह मांजा, सरदार राजेंदर सिंह एवं सरदार सतेंदर सिंह मेहता उपस्थित थे। कॉलेज शासी निकाय के सम्मानित सदस्य (अकादमिक) एवं कॉलेज के पूर्व प्राचार्य प्रो० पी० शेखर के साथसाथ शक्ति मंदिर, धनबाद के मानिंद सदस्य की उपस्थिति रही। गुरु गोबिंद सिंह स्टडी सर्किल, धनबाद के सदस्यगण, बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के भूतपूर्व छात्र कल्याण संकायाध्यक्ष, डॉ देबजानी विश्वास एवं डॉ एस. के. सिन्हा, बांग्ला विभाग की अवकाश प्राप्त प्राध्यापिका, डॉ. शर्मीला बनर्जी उपस्थित थी।

गुरु नानक कॉलेज धनबाद के समस्त शिक्षकगण एवं शिक्षकेत्तर कर्मी, कॉलेज पूर्ववर्ती छात्र संगठन के सदस्यगण, एनएसएस वॉलिंटियर्स, एनसीसी वॉलिंटियर्स एवं धनबाद शहर के सिख समाज के लोग बड़ी संख्या में मौजूद थे।

BIHAR OBSERVER

DATED :- 21-04-25